# एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों के नाम और उनके देश की सूची

**एकदिवसीय क्रिकेट का इतिहास:**

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट की शुरुआत 05 जनवरी 1971 को हुई थी। वनडे क्रिकेट का पहला मैच मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुआ था। एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों को "लिमिटेड ओवर इंटरनेशनल (एलओआई)" भी कहा जाता है, क्योंकि राष्ट्रीय टीमों के बीच सीमित ओवर के क्रिकेट मैच खेले जाते हैं। यह खेल मूल रूप से इंग्लैंड में विकसित हुआ था, जो अब दुनिया के कई देशों में खेला जाता है। जैसा की नाम से ही पता चल जाता है कि वनडे क्रिकेट का प्रारूप एक दिन का होता है, जिसमें दो राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के बीच प्रति टीम 50 ओवर की प्रतियोगिता होती हैं। अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में दोनों ही टीमों को एक-एक बार गेंदबाज़ी और बल्लेबाज़ी का मौक़ा मिलता है।

**एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट खेलने वाले देश:**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टीमों का एक दिवसीय दर्जा निर्धारित करती है। टेस्ट खेलने वाले 12 देशों को स्थायी एक दिवसीय दर्जा हासिल है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अस्थायी रूप से अन्य टीमों को एक दिवसीय दर्जा देती है। नीचे एक दिवसीय (वनडे) क्रिकेट खेलने वाले देशों की सूची नीचे दी गई है:

**एक दिवसीय (वनडे) क्रिकेट खेलने वाले देशों की सूची:**

- ऑस्ट्रेलिया (05 जनवरी 1971)
- इंग्लैण्ड (05 जनवरी 1971)
- न्यूज़ीलैंड (11 फ़रवरी 1973)
- पाकिस्तान (11 फ़रवरी 1973)
- वेस्टइंडीज़ (5 सितंबर 1973)
- भारत (13 जुलाई 1974)
- श्रीलंका (07 जून 1975)
- ज़िम्बाब्वे (09 जून 1983)
- बांग्लादेश (31 मार्च 1986)
- दक्षिण अफ़्रीका (10 नवम्बर 1991)
- आयरलैंड

- अफ़ग़ानिस्तान

**एक दिवसीय (वनडे) क्रिकेट के बारे में रोचक तथ्य:**

एक दिवसीय मैचों में सर्वाधिक 49 शतक व 96 अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पूर्व भारतीय खिलाडी **सचिन तेंदुलकर** के नाम है।

- पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर के नाम एक दिवसीय मैचों में सर्वाधिक रन का भी रिकॉर्ड है। उन्होनें 463 मैंचो में 44.83 की औसत के साथ कुल 18426 रन बनाये है।
- सचिन तेंदुलकर वनडे मैच में दोहरा शतक बनाने वाले प्रथम पुरुष खिलाड़ी हैं, यह उपलब्धि उन्होनें 24 फ़रवरी 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हासिल की थी।
- वनडे मैचों में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम है। उन्होंने 04 जुलाई 2006 को एमस्टलवीन में नीदरलैंड के विरुद्ध 09 विकेट पर 443 रन बनाये थे।
- वनडे मैचों में एक पारी में सबसे कम रन बनाने का रिकॉर्ड ज़िम्बाब्वे के नाम है। ज़िम्बाब्वे की पूरी टीम 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध मात्र 35 रनों पर आल आउट हो गयी थी।
- एक वनडे मैच में दोनों टीमों द्वारा बनाई गई सर्वाधिक रन संख्या 872 है। साल 2006 में जोहांसबर्ग में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए मैच में यह रिकॉर्ड बना था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवरों में चार विकेट पर 434 रन बनाए थे और दक्षिण अफ्रीका ने एक गेंद शेष रहते नौ विकेटों के नुकसान पर 438 रन बनाकर जीत मैच लिया था।
- वनडे मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के गेंदबाज चमिंडा वास के नाम है। उन्होंने साल 2001-02 में जिम्बाब्वे के विरुद्ध 19 रन पर 8 विकेट हासिल किये थे। चमिंडा वास एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 08 विकेट लेने वाले वह एकमात्र खिलाड़ी हैं।
- मुथैया मुरलीधरन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) मैचों में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 341 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) मैचों में कुल 519 विकेट है।
- एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज़ शतक लगाने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स के नाम है। उन्होंने 18 जनवरी 2015 को वेस्टइंडीज़ के खिलाफ मात्र 44 गेंद में 149 रनों की पारी खेलकर वनडे इतिहास का सबसे तेज शतक लगाया था।
- भारतीय खिलाडी रोहित शर्मा के नाम वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने नवम्बर 2014 में श्रीलंका के विरुद्ध **कोलकाता के ईडन गार्डन** में महज 173 गेंदों पर 33 चौके और 9 छक्को की मदद से 264 रनों की पारी खेली थी, जो एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर है।
- रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में तीन बार दोहरा शतक लगाने वाले पहले विश्व के पहले बल्लेबाज है। रोहित ने नवम्बर 2014 में श्रीलंका के विरुद्ध 264 रन, नवम्बर 2013 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 209 रन और 13 दिसम्बर 2017 को श्रीलंका के विरुद्ध 208 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

**एक दिवसीय (वनडे) क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाडी:** क्रिकेट के भगवान के नाम से मशहूर पूर्व भारतीय खिलाडी सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट में कई बड़े-2 रिकार्ड्स कायम किए है, जिनको तोड़ने के लिए कई वर्षो तक खिलाडियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक शतक लगाने के मामले में पहले नंबर पर आते है। उन्होंने एक दिवसीय क्रिकेट में खेले गए 463 मैंचो में 44.83 की औसत के साथ 49 शतक लगाये है। उनके बाद दूसरा नंबर वर्तमान भारतीय कप्तान विराट कोहली का आता है, उनके नाम वनडे क्रिकेट में 38 शतक है। विराट कोहली वनडे क्रिकेट में शतक लगाने के मामले में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड से महज 11 शतक दूर है। विराट कोहली जिस तरह से वर्तमान समय में खेल रहे है, उनको देखकर लगता है कि वही एकलौते खिलाडी है जो सचिन तेंदुलकर द्वारा वनडे क्रिकेट में बनाये गए सबसे ज्यादा 49 शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ सकते है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाडी रिकी पोंटिंग वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाडियों की सूची में तीसरे नंबर पर आते है, उनके नाम एकदिवसीय क्रिकेट में 42.03 की औसत के साथ कुल 30 शतक है। इस सूची की खास बात यह है कि इसमें नंबर 1, 2 और 10 नंबर पर दो भारतीय खिलाड़ियों का नाम है। आइये देखते है वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले टॉप 10 बल्लेबाजों में कौन-कौन शामिल है:-

**एक दिवसीय (वनडे) क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची:**

| **खिलाडी का नाम** | **कुल शतक** | **देश** |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 49 | भारत |
| विराट कोहली | 38 | भारत |
| रिकी पोंटिंग | 30 | ऑस्ट्रेलिया |
| सनथ जयसूर्या | 28 | श्रीलंका |
| हाशिम अमला | 26 | दक्षिण अफ्रीका |
| कुमार संगकारा | 25 | श्रीलंका |
| एबी डिविलियर्स | 25 | दक्षिण अफ्रीका |
| क्रिस गेल | 22 | वेस्टइंडीज |
| तिलकरत्ने दिलशान | 22 | श्रीलंका |
| सौरव गांगुली | 22 | भारत |